पुलिस अधीक्षक में थाना माल्हीपुर का किया औचक निरीक्षण

जिला ब्यूरो हसमत हुसैन खान

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने थाना मल्हीपुर का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान थाना परिसर में निर्माणाधीन आरक्षी बैरक, थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बंदीगृह आदि का भ्रमण कर प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने थाने पर नियुक्त उ0नि0/ उपनिरीक्षक (UT) सहित अन्य कर्मचारियों की मीटिंग की इस दौरान सर्वप्रथम सभी कर्मचारियों से कुशलक्षेम जाना तथा अपने अपने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने व लोकसभा चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपनिरीक्षक (UT) से व्यवहारिक प्रशिक्षण को मन लगाकर सीखने के लिए बताया गया। तत्पश्चात लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कस्बा मल्हीपुर मे भारी संख्या में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने फोर्स ठहरने के लिए कस्बा नासिरगंज स्थित सेठ प्रभु दास निरंजन कुमार मेमोरियल इंटर कॉलेज श्रावस्ती का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा थाना प्रभारी मल्हीपुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।